कानपुर से प्रकाशित

बहुभाषी दैनिक समाचार पत्र

E-mail :- deekshalayapravah@gmail.com

# दीक्षालय प्रवाह

RNI number-upmul-2023/88378

वर्ष : 04 अंक : 49 कानपुर, 28 जुलाई, 2026 पेज-8 मूल्य : 3 रुपये

> पढ़ें पेज 2 पर

## महानिदेशक उपकार ने कृषि विज्ञान केंद्रों की सीएसए में की गहन रणनीतिक समीक्षा



**(संवाददाता दीक्षालय प्रवाह)**

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों की आज उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ संजय सिंह ने सभी कृषि विज्ञान केंद्रों की गहन समीक्षा की। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने व कृषि तकनीकियों को खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।वैज्ञानिकों से आवाहन किया कि वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को फसल मॉडल डिजिटल माध्यम से किसानों तक पहुंचाएं। उत्कृष्टता केंद्रों में मधुमक्खी पालन एवं प्रसंस्करण अलीगढ़, मूंगफली प्रसंकरण इकाई मैनपुरी, आलू तथा बाजार मूल्यसंवर्धन इटावा, मुर्गी एवं बकरी पालन इकाई फतेहपुर आदि जनपदों में चल रही योजनाओं में गतिशीलता लाने हेतु महानिदेशक ने विशेष जोर दिया।कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता ने निर्देशित किया कि कृषि विज्ञान केंद्र अपने कार्यों की पहचान एक या दो कार्यों में विशिष्टता हासिल करें। डॉ गुप्ता ने कहा कि क्षमता निर्माण, कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त करें।इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ महक सिंह, उपकार उप महानिदेशक डॉक्टर सुशील कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉक्टर वी के त्रिपाठी, डॉक्टर सी एल मौर्या, डॉक्टर विजय यादव सहित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रभारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे।

कानपुर महानगर
वर्ष : 10 पृष्ठ : 8
अंक : 145
मूल्य : 02.00/-
कानपुर 28-07-2026, मंगलवार

हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र हित
सच जन जन तक

# महानिदेशक उपकार ने कृषि विज्ञान केंद्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा, किसानों की आय बढ़ाने पर दिया जोर



**स्वतंत्र हित/संवाददाता**

**कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए), कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की कार्यप्रणाली की सोमवार को उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने गहन रणनीतिक समीक्षा की। बैठक में कृषि तकनीकों को खेतों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए नई कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे आधुनिक कृषि पद्धतियों, फसल मॉडल और डिजिटल तकनीकों का अधिकतम उपयोग कर किसानों तक नवीनतम जानकारी पहुंचाएं, ताकि खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। उन्होंने विभिन्न जनपदों में संचालित उत्कृष्टता केंद्रों और विशेष परियोजनाओं में गति लाने पर भी बल दिया। इनमें अलीगढ़ में मधुमक्खी पालन एवं प्रसंस्करण, मैनपुरी में मूंगफली प्रसंस्करण इकाई, इटावा में आलू एवं बाजार मूल्य संवर्धन तथा फतेहपुर में मुर्गी एवं बकरी पालन इकाई जैसी योजनाएं प्रमुख रहीं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएसए के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने निर्देश दिए कि सभी कृषि विज्ञान केंद्र अपनी कार्यशैली में एक या दो क्षेत्रों में विशिष्ट पहचान स्थापित करें। उन्होंने कहा कि क्षमता निर्माण और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जाए।समीक्षा बैठक में निदेशक शोध डॉ. महक सिंह, उपकार के उप महानिदेशक डॉ. सुशील कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ. वी.के. त्रिपाठी, डॉ. सी.एल. मौर्य, डॉ. विजय यादव सहित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रभारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे।

और नालियों से पानी वापस सड़कों पर बहता रहा।

अमर उजाला 28/07/2026

# कृषि पद्धतियां सीधे किसानों तक पहुंचाएं



केवीके की समीक्षा बैठक में शामिल महानिदेशक व अन्य। स्रोत : संस्थान

## उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक ने समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

कानपुर। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) का सोमवार को निरीक्षण कर समीक्षा बैठक की।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक डिजिटल माध्यम का उपयोग कर उन्नत फसल मॉडल और नवीन कृषि पद्धतियां किसानों तक पहुंचाएं। उन्होंने विभिन्न जनपदों में संचालित केंद्रों में और तेजी लाने के निर्देश दिए। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र को एक या दो क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित करनी चाहिए, जिससे उनकी विशिष्ट पहचान बन सके। निदेशक शोध डॉ. महक सिंह, उप महानिदेशक डॉ. सुशील कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ. वीके त्रिपाठी सहित विभिन्न केंद्रों के प्रभारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे। (ब्यूरो)

दैनिक
आज का कानपुर

# महानिदेशक उपकार ने कृषि विज्ञान केंद्रों की सीएसए में की गहन रणनीतिक समीक्षा

आज का कानपुर

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों की आज उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ संजय सिंह ने सभी कृषि विज्ञान केंद्रों की गहन समीक्षा की।उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने व कृषि तकनीकियों को खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।वैज्ञानिकों से आवाहन किया कि वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को फसल मॉडल डिजिटल माध्यम से किसानों तक पहुंचाएं। उत्कृष्टता केंद्रों में मधुमक्खी पालन एवं प्रसंस्करण अलीगढ़,मूंगफली प्रसंकरण इकाई मैनपुरी, आलू तथा बाजार मूल्यसंवर्धन इटावा,मुर्गी एवं बकरी पालन इकाई फतेहपुर आदि जनपदों में चल रही योजनाओं में गतिशीलता लाने हेतु महानिदेशक ने विशेष जोर दिया।कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता ने निर्देशित किया कि कृषि विज्ञान केंद्र अपने कार्यों की पहचान एक या दो कार्यों में विशिष्टता हासिल करें। डॉ गुप्ता ने कहा कि क्षमता निर्माण, कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त करें।इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ महक सिंह, उपकार उप महानिदेशक डॉक्टर सुशील कुमार सिंह,निदेशक प्रसार डॉक्टर वी के त्रिपाठी, डॉक्टर सी एल मौर्या,डॉक्टर विजय यादव सहित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रभारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे।

दैनिक आज 28/07/2026

# किसानों की आय वृद्धि के साथ कृषि तकनीकियों को खेतों तक पहुंचायें वैज्ञानिक

## महानिदेशक उपकार ने की कृषि विज्ञान केंद्रों की गहन समीक्षा



बैठक करते वैज्ञानिक।

कानपुर, 27 जुलाई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों की आज उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ संजय सिंह ने सभी कृषि विज्ञान केंद्रों की गहन समीक्षा की।उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने व कृषि तकनीकियों को खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।वैज्ञानिकों से आवाहन किया कि वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को फसल मॉडल डिजिटल माध्यम से किसानों तक पहुंचाएं। उत्कृष्टता केंद्रों में मधुमक्खी पालन एवं प्रसंस्करण अलीगढ़,मूंगफली प्रसंकरण इकाई मैनपुरी, आलू तथा बाजार मूल्यसंवर्धन इटावा,मुर्गी एवं बकरी पालन इकाई फतेहपुर आदि जनपदों में चल रही योजनाओं में गतिशीलता लाने हेतु महानिदेशक ने विशेष जोर दिया। विवि के कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता ने निर्देशित किया कि कृषि विज्ञान केंद्र अपने कार्यों की पहचान एक या दो कार्यों में विशिष्टता हासिल करें। डॉ गुप्ता ने कहा कि क्षमता निर्माण, कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त करें। इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ महक सिंह, उपकार उप महानिदेशक डॉ सुशील कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डा. वी के त्रिपाठी, डॉ. सी एल मौर्या, डॉ. विजय यादव सहित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रभारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे।

हिंदुस्तान 28/07/2026

# आधुनिक कृषि तकनीक को खेतों तक ले जाएं

कानपुर। सीएसए में उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने विवि के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की समीक्षा की। महानिदेशक ने वैज्ञानिकों से कहा कि वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए उन्नत फसल मॉडल और नवीन कृषि पद्धतियां सीधे किसानों तक पहुंचाएं। बैठक में निदेशक शोध डॉ. महक सिंह, उप महानिदेशक डॉ. सुशील कुमार सिंह, निदेशक प्रसार डॉ. वीके त्रिपाठी समेत सभी केंद्रों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष : 18 अंक : 30 कानपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य : 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

# महानिदेशक उपकार ने कृषि विज्ञान केंद्रों की गहन समीक्षा

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों की उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ संजय सिंह ने सभी कृषि विज्ञान केंद्रों की गहन समीक्षा की।उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने व कृषि तकनीकियों को खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।वैज्ञानिकों से आवाहन किया कि वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को फसल मॉडल डिजिटल माध्यम से किसानों तक पहुंचाएं। उत्कृष्टता केंद्रों में मधुमक्खी पालन एवं प्रसंस्करण अलीगढ़,मूंगफली प्रसंकरण इकाई मैनपुरी, आलू तथा बाजार मूल्यसंवर्धन इटावा,मुर्गी एवं बकरी पालन इकाई फतेहपुर आदि जनपदों में चल रही योजनाओं में गतिशीलता लाने हेतु महानिदेशक ने विशेष जोर दिया।कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता ने निर्देशित किया कि कृषि विज्ञान केंद्र अपने कार्यों की पहचान एक या दो कार्यों में विशिष्टता हासिल करें। डॉ गुप्ता ने कहा कि क्षमता निर्माण, कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त करें।इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ महक सिंह, उपकार उप महानिदेशक डॉक्टर सुशील कुमार सिंह,निदेशक प्रसार डॉक्टर वी के त्रिपाठी, डॉक्टर सी एल मौर्या,डॉक्टर विजय यादव सहित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रभारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे।



Times Of India 28/07/2026

# 'Take modern agri methods to farmers'

**Kanpur:** Director General of Uttar Pradesh Krishi Anusandhan Parishad Sanjay Singh, on Monday, conducted a detailed review of all Krishi Vigyan Kendras operating under Chandrashekhar Azad University of Agriculture and Technology, Kanpur, and laid special emphasis on increasing farmers' income and taking agricultural technologies to the fields.

He called upon the scientists to take modern agricultural methods to farmers through crop model digital mediums, and laid special emphasis on bringing dynamism to the schemes being run in various districts under centres of excellence, including bee-keeping and processing in Aligarh, groundnut processing unit in Mainpuri, potato and market value addition in Etawah, and poultry and goat rearing unit in Fatehpur. TNN

# रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य: 2.00 रुपये मात्र

एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गाजि

28:07:2026 | वर्ष 20 अंक 188 | RNI-No. UF


संजाव राजा, विधायक काल आनल दिए सख्त निदश

## कानपुर महानिदेशक उपकार ने कृषि विज्ञान केंद्रों की सीएसए में की गहन रणनीतिक समीक्षा

(रहस्य संदेश अनवर अशरफ़)

कानपुर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों की आज उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ संजय सिंह ने सभी कृषि विज्ञान केंद्रों की गहन समीक्षा की।उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने व कृषि तकनीकियों को खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।वैज्ञानिकों से आवाहन किया कि वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को फसल मॉडल डिजिटल माध्यम से किसानों तक पहुंचाएं। उत्कृष्टता केंद्रों में मधुमक्खी पालन एवं प्रसंस्करण अलीगढ़,मूंगफली प्रसंकरण इकाई मैनपुरी, आलू तथा बाजार मूल्यसंवर्धन इटावा,मुर्गी एवं बकरी पालन इकाई फतेहपुर आदि जनपदों में चल रही योजनाओं में गतिशीलता लाने हेतु महानिदेशक ने विशेष जोर दिया।कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता ने निर्देशित किया कि कृषि विज्ञान केंद्र अपने कार्यों की पहचान एक या दो कार्यों में विशिष्टता हासिल करें। डॉ गुप्ता ने कहा कि क्षमता निर्माण, कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त करें।इस अवसर पर निदेशक शोध डॉ महक सिंह, उपकार उप महानिदेशक डॉक्टर सुशील कुमार सिंह,निदेशक प्रसार डॉक्टर वी के त्रिपाठी, डॉक्टर सी एल मौर्या,डॉक्टर विजय यादव सहित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रभारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे।



कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त करें